# भारत-फिलिपींस के बीच सामरिक साझेदारी

**प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मार्कोस की द्विपक्षीय वार्ता में व्यापक कार्य योजना पर सहमति**



**नई दिल्ली, 05 अगस्त . भारत और फिलिपींस ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊँचाई देते हुए उन्हें सामरिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है.**

यह निर्णय फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद लिया गया.प्रधानमंत्री मोदी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह यात्रा विशेष महत्व रखती है. उन्होंने कहा कि हमारे संबंधों की जड़ें प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ी हैं और आज उन्हें नई ऊर्जा मिल रही है.

प्रधानमंत्री ने बताया कि बातचीत में आपसी सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दे और वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर व्यापक चर्चा हुई. दोनों देशों ने साझेदारी को परिणाममुखी बनाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना पर भी सहमति जताई. मोदी ने कहा कि विकास साझेदारी के तहत भारत, फिलिपींस में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को बढ़ावा देगा. समुद्री देशों के रूप में, मानवीय सहायता, नौसेना अभ्यास और आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं.

उन्होंने फिलीपींस द्वारा भारतीय पर्यटकों को वीज़ा-फ्री एंट्री देने के फैसले का स्वागत किया व भारत की ओर से भी फिलिपींस पर्यटकों के लिए निशुल्क ई-वीजा की घोषणा की.प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली-मनीला के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की दिशा में हो रहे प्रयासों की जानकारी भी दी. उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ भारत का समर्थन करने पर फिलिपींस का आभार जताया. मोदी ने कहा कि फिलीपींस भारत की एक्ट ईस्ट नीति और महासागर विज़न में एक अहम साझेदार है. उन्होंने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व नियम आधारित व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई.

### चार अहम समझौते हुए

भारत और फिलीपींस ने मंगलवार को द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करते हुए चार प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत दौरे पर आए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के बीच हुई वार्ता के बाद ये समझौते हुए. इनमें सामरिक साझेदारी की स्थापना, रक्षा संवाद को संस्थागत बनाना, आपराधिक मामलों में कानूनी सहयोग व सजायाफ्ता अपराधियों के स्थानांतरण और विज्ञान-प्रौद्योगिकी में 2025-2028 के लिए सहयोग कार्यक्रम शामिल हैं. संयुक्त प्रेस वार्ता में राष्ट्रपति मार्कोस ने भारत को फिलीपींस का पाँचवां रणनीतिक साझेदार बताया और रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने इसे दोनों देशों के 75 वर्षों के रिश्तों में नई ऊँचाई बताया.

## रिश्वत मामले में एमसीडी लिपिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली 05 अगस्त.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एमसीडी नजफगढ़ जोन के अपर डिवीजन क्लर्क को एक व्यक्ति से उसकी ग्रेच्युटी राशि जारी करने के बदले 50,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. सीबीआई के सूत्रों मंगलवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आरोपी डाल चंद के खिलाफ मामला दर्ज किया था. उस पर आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता से ग्रेच्युटी की कुल राशि 8,38,565 रुपये जारी करने के एवज में इसकी 10 प्रतिशत राशि रिश्वत के रूप में मांगी थी । शिकायतकर्ता ने इसके लिए 50 हजार रूपए देने पर सहमति जतायी और इसकी शिकायत सीबीआई से की.



# राहुल बोले : लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज उठाते रहेंगे

**इंडिया गठबंधन की बैठक में सीमाओं की सुरक्षा पर चर्चा**

**नई दिल्ली, 05 अगस्त . लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मंगलवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक हुई जिसमें जनता के मुद्दों को मिलकर उठाने पर चर्चा की गई.**

राहुल ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, आज संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी की उपस्थिति में इंडिया गठबंधन के फ्लोर लीडर्स की बैठक में शामिल हुआ. हम लोकतंत्र और जनता के हक़ के लिए मिलकर आवाज़ उठाते रहेंगे. बैठक में एक वर्तमान न्यायाधीश द्वारा राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी पर भी गंभीर चर्चा हुई. विपक्षी दलों ने इस टिप्पणी को असाधारण बताया और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के विरुद्ध करार दिया. कांग्रेस पार्टी ने बताया कि न्यायाधीश की यह टिप्पणी विपक्ष की भूमिका और आलोचना के अधिकार को सीमित करने का संकेत देती है.

बैठक में यह भी कहा गया कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बोलना विपक्ष की जिम्मेदारी है. नेताओं ने दोहराया कि जब कोई सरकार देश की सीमाओं की रक्षा करने में विफल होती है, तो उसे जवाबदेह ठहराना नागरिकों और विपक्ष का नैतिक कर्तव्य बनता है. बैठक में देश की सीमाओं की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और यह आरोप लगाया कि सरकार इस मोर्चे पर असफल रही है.

### उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए संयुक्त प्लान

इंडिया गठबंधन के नेताओं को दावत के बहाने राहुल गांधी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर एक संयुक्त रणनीति तैयार करने की स्ट्रेटेजी है. इसके अलावा 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एक संयुक्त उम्मीदवार उतारने पर चर्चा करने की योजना बना रहे हैं. राहुल गांधी की डिनर पार्टी में इन दोनों ही मुद्दों पर विपक्षी नेताओं के साथ मंथन और रणनीति बनाने की कवायद की जा सकती है. विपक्ष बिहार में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लगातार सवार उठा रहा है.

# डब्लूसीएल के निदेशक डॉ. पांडे वैनिट नागपुर में सम्मानित

**खनन व मानव संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला विशेष सम्मान**



**नागपुर, 5 अगस्त 2025. वैनिट नागपुर में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में डब्लूसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे और एमईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक इंद्र देव नारायण को वैनिट के निदेशक प्रो. प्रेमलाल पटेल द्वारा सम्मानित किया गया.** यह सम्मान उन्हें खनन और मानव संसाधन क्षेत्र में दिए गए अभूतपूर्व योगदान और सार्वजनिक उपक्रमों में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया. डॉ. पांडे ने 1989 में वैनिट से माइनिंग इंजीनियरिंग में बी.टेक किया था, जबकि इंद्र देव नारायण 1990 बैच के छात्र रहे हैं. इस अवसर पर डॉ. पांडे ने भावुक होते हुए अपने कॉलेज के दिनों को याद किया और वैनिट को धन्यवाद देते हुए कहा कि,यह सम्मान मेरे जीवन की अमूल्य धरोहर है. उन्होंने शिक्षा संस्थान के मूल्यों को अपनी सफलता की नींव बताया और छात्रों से उत्कृष्टता की ओर निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया. सम्मान समारोह में वैनिट के निदेशक प्रो. प्रेमलाल पटेल, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. एके अग्रवाल, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. आईएल मुथरेजा, संकाय सदस्य डॉ. अनुपम खेर, राजेंद्र येरपुडे, निरंजन थोरे, सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे.

इस आयोजन में वैनिट एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष शशीकांत चौधरी, कार्यकारी निदेशक जोगिंदर सिंह सोंध और अन्य पूर्व छात्रगण तथा स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे. सभी ने डॉ. पांडे और नारायण की उपलब्धियों की सराहना की और वैनिट की गौरवशाली परंपरा पर गर्व व्यक्त किया.कार्यक्रम का समापन सतीश गबाले द्वारा प्रस्तुत आभार प्रदर्शन के साथ हुआ. इस सम्मान समारोह ने वैनिट के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित किया और वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना.

# सत्यपाल मलिक के निधन पर केजरीवाल ने जताया शोक

**केजरी बोले- पूर्व राज्यपाल मलिक देशहित के मुद्दों पर निडर होकर बात रखने वाले नेता थे**



**नई दिल्ली, 05 अगस्त. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति ने एक ऐसा व्यक्तित्व खो दिया है जो सत्ता के सामने भी सच बोलने का साहस रखता था.**

केजरीवाल ने 'एक्स' पर लिखा, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है. वे न केवल अनुभवी राजनेता थे, बल्कि देशहित के मुद्दों पर निडर होकर अपनी बात रखने वाले विरले नेताओं में से एक थे.उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति दें और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें. मलिक का निधन आज राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हुआ.


# खरीफ फसल बीमा के लिए अभियान

**राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ कृषि मंत्री की बैठक**

**नईदिल्ली, 05 अगस्त . केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में मौजूदा खरीफ सीजन के लिए किसानों का ज्यादा से ज्यादा नामांकन करने पर जोर देते हुए कहा है कि इसके लिए 16 से 30 अगस्त तक देशभर में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा.**

चौहान ने मंगलवार को कई बैंकों और विभिन्न राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक में यह बात कही. उन्होंने अधिकारियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को अधिक कर्ज देने का आग्रह करते हुए कहा कि इसके अलावा उन्हें देश के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों पर भी ध्यान देना होगा.

केंद्रीय मंत्री ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर है. इसमें कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास की बहुत अहम भूमिका है. संस्थागत ऋण 2013-14 में 7.3 लाख करोड़ था, जो 2023-24 में बढ़ कर 25.49 लाख करोड़ हो गया है. यह एक उपलब्धि है लेकिन तब भी कुछ बैंकों और राज्यों का किसानों और स्वयं सहायता समूहों को कर्ज देने का काम धीमा है इसलिए जो राज्य पिछड़ रहे हैं. बैठक में कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी और ग्रामीण विकास सचिव शैलेष सिंह भी मौजूद थे. बैठक में विभिन्न बैंकों एवं राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विचार साझा किए.



## गोलीबारी में दो की मौत

**लॉस एंजेल्स, 05 अगस्त. अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के लॉस एंजेल्स शहर में हार्ड समर संगीत समारोह के बाद हुई सामूहिक गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए.**

पुलिस के अनुसार 1100 ब्लॉक के पास एक पार्टी के दौरान बंदूकधारी व्यक्ति को देखकर कार्यक्रम रोक दिया गया और उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया. बाद में सोमवार को फिर गोलीबारी की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस दोबारा मौके पर पहुंची. एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल सात लोगों को अस्पताल ले जाया गया. एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई.

# राहुल गांधी पर कोर्ट की टिप्पणी सभी के लिए सबक : रिजिजू

**नईदिल्ली, 05 अगस्त. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सर्वोच्च अदालत की ओर से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बारे में की गई टिप्पणी सभी के लिए एक चेतावनी और सबक है.**

उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल ने देश की सुरक्षा और सीमाओं को लेकर जो ग़लत बयान दिए हैं, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने जो कड़ी टिप्पणी की है, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में दोहराया. प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई जिम्मेदार व्यक्ति सार्वजनिक मंच से गलतबयानी करता है तो न्यायालय भी मूकदर्शक नहीं रहेगा. रिजिजू ने कहा कि यह संदेश साफ है भारत का कोई भी नागरिक चाहे जितना बड़ा हो, वह देश के खिलाफ बयान देकर बच नहीं सकता. सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को लेकर जो टिप्पणी की, वह न केवल विपक्ष के नेताओं के लिए बल्कि हर नागरिक के लिए चेतावनी है.

## एक नजर में



### मुझसे ट्यूशन ले लो : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली, 05 अगस्त।** संसद परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। विपक्ष के विरोध और आरोपों पर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा में तीखी प्रतिक्रिया दी और विपक्षी सांसदों पर तंज कसते हुए कहा,आपको मुझसे ट्यूशन लेनी चाहिए, मैं सिखाऊंगा विपक्ष कैसा होता है। जेपी नड्डा ने कहा, मैंने 40 साल विपक्ष में बिताए हैं। आप लोग तो अभी 10 साल ही हुए हैं, आगे और 30-40 साल रहना है। विपक्ष में रहना भी एक कला है।नड्डा ने अपने भाषण में विपक्ष के व्यवहार पर निशाना साधते हुए कहा,अगर आप लाठी मारें और वो मेरी नाक तक पहुंचे, तो जहां से मेरी नाक शुरू होती है वहीं से आपका लोकतंत्र खत्म हो जाता है।उन्होंने विपक्ष पर सदन में अराजकता फैलाने और लोकतंत्र के नाम पर अनुशासनहीनता करने का आरोप लगाया।उनका यह बयान तब आया जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद में सीआईएसफ की मौजूदगी पर आपत्ति जताई और कहा था कि सरकार हमें प्रदर्शन करने से रोकने के लिए सुरक्षा बलों का दुरुपयोग कर रही है।

### अफगान में ड्रग्स तस्करी के आरोपी गिरफ्तार

**काबुल, 05 अगस्त.** पूर्वी अफगानिस्तान के लघमान प्रांत में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री में लिप्त सात लोगों को गिरफ्तार किया है. प्रांतीय पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, आरोपी मैथमफेटामाइन और टैबलेट के जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी और स्थानीय स्तर पर बिक्री में शामिल थे. पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा. इसी प्रकार, उत्तरी तखर प्रांत में पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर 75 किलो अफीम पोस्त बरामद की है और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. अधिकारियों ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान तेज़ करने का संकेत दिया है.

### रूस में ड्रोन हमले विफल

**वोल्गोग्राद, 05 अगस्त.** रूस के बंदरगाह शहर वोल्गोग्राद में परिवहन और ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमलों को वायु रक्षा प्रणालियों ने सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। रूसी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।वोल्गोग्राद के गवर्नर आंद्रे बोचारोव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि बड़े पैमाने पर ड्रोन से हुए हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन ड्रोनों के मलबे से एक हाई-वोल्टेज बिजली लाइन टूट गई. जिससे कुछ इलाकों को बिजली आपूर्ति में परेशानी का सामना करना पड़ा.


pfrda | nps national pension system #Zaruri Hai

**पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण**

**स्वीकृत सेवानिवृत्ति निधि के सदस्यों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में शामिल होने की सूचना**

पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) एक वैधानिक प्राधिकरण है जिसकी स्थापना पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 के तहत की गई है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) सहित उक्त अधिनियम के तहत विनियमित पेंशन योजनाओं के माध्यम से वृद्धावस्था आय सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

एनपीएस एक परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना है और इसे शुरू में 2004 में केंद्र सरकार, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, राज्य सरकारों और राज्य स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों के लिए शुरू किया गया था। बाद में इस योजना का विस्तार स्वैच्छिक आधार पर कॉर्पोरेट कर्मचारियों और भारतीय नागरिकों तक भी किया गया।

आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधान एनपीएस के तहत विभिन्न कर लाभ प्रदान करते हैं। सेवानिवृत्ति के समय, यह संचित पेंशन राशि का 60% तक कर-मुक्त एकमुश्त राशि के रूप में निकालने की अनुमति देता है, जबकि शेष राशि का उपयोग वार्षिकी सेवा प्रदाता (प्रदाताओं) से वार्षिकी खरीदने के लिए किया जाता है, जिस पर माल और सेवा कर (जीएसटी) से छूट प्राप्त है। एनपीएस ने वर्षों से पंजीकृत पेंशन फंडों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के लिए स्वीकृत निवेश दिशानिर्देशों के अनुसार, जोखिम और प्रतिफल के परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में निधि के निवेश के माध्यम से ग्राहकों को लगातार उच्च प्रतिफल दिया है।

एनपीएस के अंतर्गत सभी गतिविधियाँ पीएफआरडीए अधिनियम, 2013 और प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित विनियमों के तहत विनियमित होती हैं। इसके अलावा, एनपीएस के अंतर्गत गतिविधियाँ पूरी तरह से डिजिटल हैं और पारदर्शी तरीके से प्रबंधित की जाती हैं, जिसमें ग्राहक को मोबाइल ऐप या ग्राहक के लॉगिन का उपयोग करके दैनिक आधार पर व्यक्तिगत पेंशन निधि की अद्यतन जानकारी उपलब्ध होती है। ग्राहकों के पास 75 वर्ष की आयु तक विभिन्न पेंशन फंडों, परिसंपत्ति आवंटन और विभिन्न रोजगारों, स्थानों और रोजगार की स्थिति के बीच पोर्टेबिलिटी में से चुनने की सुविधा भी है।

इस सूचना के माध्यम से, आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत पंजीकृत विभिन्न अनुमोदित सेवानिवृत्ति निधियों के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वे एनपीएस के अंतर्गत लाभ और प्रतिफल प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए वे एनपीएस में स्थानांतरण हेतु अपने संबंधित अनुमोदित सेवानिवृत्ति ट्रस्ट/नियोक्ता से संपर्क कर सकते हैं। आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार, अनुमोदित सेवानिवृत्ति निधियों से एनपीएस में निधियों के एकमुश्त हस्तांतरण के मामले में कराधान से छूट उपलब्ध है। प्राधिकरण, एक सुरक्षित पेंशनभोगी सोसाइटी के अपने अधिदेश को पूरा करने हेतु, अपने सदस्यों के एनपीएस में स्थानांतरण को सुगम बनाने के लिए अनुमोदित सेवानिवृत्ति निधियों को आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

अनुमोदित सेवानिवृत्ति निधियाँ या उसके व्यक्तिगत सदस्य, जैसा भी मामला हो, प्राधिकरण की वेबसाइट (www.pfrda.org.in) पर "सेवानिवृत्ति निधियाँ" टैब के अंतर्गत उल्लिखित विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार या नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके एनपीएस में स्थानांतरण कर सकते हैं। इसके अलावा, इस संबंध में कोई भी प्रश्न saf-information@pfrda.org.in पर या प्राधिकरण के कार्यालय में भेजा जा सकता है।

**मुख्य महाप्रबंधक**
**के लिए एवं की ओर से**
**पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण**



